वर्ष - 02 | अंक - 42 | बिजौलिया - बुधवार,23 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

भीलवाड़ा फोकस



कोटड़ी में उमड़ा आस्था का सैलाब, 11 बेवाणों के साथ निकले चारभुजानाथ

गुलाल और पुष्पवर्षा के बीच धर्माऊ तालाब पहुंचे भगवान, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी; रातभर नगर भ्रमण के बाद सुबह 9 बजे निज धाम लौटेंगे ठाकुरजी

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

राजेन्द्र बबलू पोखरना।

मेवाड़ के प्रसिद्ध आस्था धाम कोटड़ी में मंगलवार को भगवान श्रीचारभुजानाथ का जलझूलन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया। राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से हजारों श्रद्धालु भगवान के जलविहार के साक्षी बनने कोटड़ी पहुंचे। शाम ढलते ही धर्माऊ तालाब श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। चारों ओर जयकारों, ढोल-नगाड़ों, भजनों और उड़ती गुलाल के बीच पूरा कोटड़ी कृष्ण भक्ति में रंगा नजर आया।

दोपहर करीब 3 बजे मुख्य पुजारी सत्यनारायण पारासर भगवान श्रीचारभुजानाथ की निज मूर्ति को गोद में लेकर मंदिर परिसर में पहुंचे। यहां विधि-विधान से भगवान को चांदी की सुसज्जित रजत रेवाड़ी में विराजमान कराया गया। जैसे ही भगवान निज धाम से बाहर निकले, श्रद्धालुओं में बेवाण को स्पर्श करने और प्रभु के समीप पहुंचने की होड़ मच गई। भक्त बेवाण को छूकर स्वयं को धन्य मानते नजर आए। इसके बाद भगवान भक्तों के कंधों पर सवार होकर जलझूलन यात्रा पर रवाना हुए। 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'श्रीचारभुजानाथ की जय' के जयकारों से कस्बा गूंज उठा।



चौकी मंदिर में हुआ 11 भगवानों का मिलन

मंदिर से रवाना होकर रजत रेवाड़ी कोर्ट के गणेशजी के समक्ष पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। इसके बाद चौकी मंदिर में कस्बे के विभिन्न मंदिरों से 10 अन्य बेवाण भी पहुंचे। यहां भगवान श्रीचारभुजानाथ और उनके बड़े भाई के मिलन का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए सड़क से लेकर घरों की छतों, झरोखों और बालकनियों तक श्रद्धालु नजर आए। इसके बाद सभी 11 बेवाण एक साथ जलझूलन यात्रा पर निकले।

गुलाल उड़ी, ढोल बजे और भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जलझूलन यात्रा के दौरान जगह-जगह गुलाल उड़ाई गई और पुष्पवर्षा हुई। डीजे, ढोल और भजन कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए आगे बढ़ते रहे। शाम को सभी बेवाण धर्माऊ तालाब पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। गुलाल और पुष्पवर्षा के बीच जलविहार का दृश्य श्रद्धालुओं को वृंदावन-गोकुल की होली की याद दिलाता नजर आया।

सोनी घाट पर भगवान का जलविहार, भक्तों ने भी लगाई डुबकी

धर्माऊ तालाब पहुंचने के बाद सभी बेवाणों को क्रमवार सोनी घाट पर ले जाया गया। भगवान को घाट पर



विराजमान कर जयकारों के बीच जलविहार कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी तालाब में डुबकी लगाकर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। घाट पर सभी भगवानों की सामूहिक आरती हुई। इसके बाद बेवाण पुनः भक्तों के कंधों पर विराजमान हुए।

18 घंटे तक नगर भ्रमण करेंगे ठाकुरजी

जलविहार के बाद सभी बेवाण शिवालय चौक पहुंचे, जहां शिव मंदिर के सामने उन्हें अर्द्धचंद्राकार में खड़ा कर सामूहिक आरती की गई। इसके बाद भगवान भक्तों के कंधों पर सवार होकर रातभर नगर भ्रमण करेंगे। बुधवार सुबह करीब 9 बजे लगभग 18 घंटे बाद भगवान पुनः निज धाम पहुंचकर अपनी गद्दी पर विराजमान होंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा।

हाथ की सुई से तैयार हुआ भगवान का बागा

जलझूलनी एकादशी पर भगवान को विशेष बागा पहनाने की वर्षों पुरानी परंपरा भी निभाई गई। मंदिर परिसर में ही दर्जी समाज के लोगों ने हाथ की सुई से भगवान की पोशाक तैयार की। गांव के पटेल द्वारा कपड़ा और गोटा उपलब्ध कराया गया। बागा भगवान के चरणों में अर्पित करने के बाद उन्हें वही पोशाक पहनाकर जलझूलन यात्रा पर निकाला गया। किसान स्वरूप में सजे भगवान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे।

18 घंटे रिक्त रही भगवान की गद्दी

श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया और सचिव श्यामसुंदर चेचानी ने बताया कि निज मूर्ति के रजत रेवाड़ी में विराजमान होने के बाद मंदिर में भगवान की गद्दी करीब 18 घंटे के लिए रिक्त रही। परंपरा के अनुसार इस दौरान ठाकुरजी के विग्रह रूप को गद्दी पर विराजमान कराया गया। आकर्षक पोशाक में सजे विग्रह के दर्शन के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

जनप्रतिनिधियों ने किए दर्शन, प्रशासन रहा मुस्तैद

जलझूलन महोत्सव में पुलिस अधीक्षक सागर राणा, सांसद दामोदर अग्रवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, पीसीसी सदस्य नीरज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी पहुंचे और भगवान के दर्शन कर सामूहिक आरती में शामिल हुए।

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। एसपी सागर राणा ने व्यवस्थाओं की निगरानी की। उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा, उपाधीक्षक सुभाष डाबरिया, तहसीलदार रमेश मीणा, विकास अधिकारी संजय कुमार शर्मा एवं थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह सहित पुलिस-प्रशासन की टीम व्यवस्था में जुटी रही। जिले के विभिन्न थानों से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया और यातायात एवं कानून-व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी गई।

कांग्रेस से बगावत का इनाम! भाजपा से सौभाग्य सिंह बने बिजौलिया नगर पालिका उपाध्यक्ष

14 वोट लेकर 3 मतों से जीते, अध्यक्ष चुनाव के बाद बदले सियासी समीकरण; भाजपा को दिया था समर्थन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कपिल श्याम विजय । नगर पालिका के पहले उपाध्यक्ष पद के चुनाव में सियासी समीकरणों ने नया मोड़ लिया। वार्ड 19 से निर्दलीय निर्वाचित कुंवर सौभाग्य सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी आशा देवी जैन को तीन मतों से हराकर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। सौभाग्य सिंह को 14 मत मिले, जबकि आशा देवी जैन के खाते में 11 मत आए। सौभाग्य सिंह ने कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और वार्ड 19 से जीत दर्ज की थी। चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया। अब उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उनकी जीत ने नगर पालिका के राजनीतिक समीकरण को एक नई दिशा दी है।



अध्यक्ष चुनाव में भाजपा को मिला था बहुमत का आंकड़ा

बिजौलिया नगर पालिका के 25 सदस्यीय बोर्ड में भाजपा के 12, कांग्रेस के 11 और दो निर्दलीय पार्षद चुने गए थे। अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की स्नेहा तिवाड़ी को 13 मत मिले और कांग्रेस की भूमिका सुवालका को 12 मत मिले। एक मत से जीत दर्ज कर स्नेहा तिवाड़ी नगर पालिका की पहली अध्यक्ष बनीं।

इसके बाद मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के चुनाव में सौभाग्य सिंह को 14 मत मिलने से उनके भाजपा के साथ खड़े होने का असर मतदान में भी नजर आया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आशा देवी जैन को 11 मत मिले।



कांग्रेस में रहे हैं महासचिव

सौभाग्य सिंह का राजनीतिक सफर कांग्रेस से जुड़ा रहा है। वे कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में महासचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके बाद नगर पालिका चुनाव में सक्रिय कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिलने से कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे और जीत हासिल की। चुनाव के बाद भाजपा को समर्थन देने के बाद उपाध्यक्ष पद के चुनाव में उन्हें समर्थन मिला और उन्होंने जीत दर्ज की।

जीत के बाद समर्थकों में उत्साह

परिणाम घोषित होते ही सौभाग्य सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। इस जीत के साथ बिजौलिया नगर पालिका में अध्यक्ष पद भाजपा के पास और उपाध्यक्ष पद सौभाग्य सिंह के पास गया है। अब नगर पालिका के नए बोर्ड की आगामी कार्यप्रणाली पर शहर की नजर रहेगी।

नोटों की पोशाक से सजे ठाकुरजी, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

जलझूलनी एकादशी पर कस्बे के श्री चारभुजा नाथ मंदिर में ठाकुरजी का 50-50 रुपये के 102 नोटों से बनी विशेष पोशाक से आकर्षक श्रृंगार किया गया। मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु जगदीश सुथार ने 5100 कीमत की यह पोशाक प्रभु को अर्पित की। नोटों से सजे ठाकुरजी के दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पुजारी राजा राम वैष्णव ने बताया कि इस अनोखे श्रृंगार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह रहा। ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश सोनी के अनुसार सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा और जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहा।

बाबा रामदेवजी की भव्य शोभायात्रा निकली

भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु झूमे, महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।

कस्बे और परस रामपुरा में बाबा रामदेवजी महाराज की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए। बाबा की ज्योत के साथ बेवाण को गांव के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कराया गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल-माला, नारियल एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

शोभायात्रा के दौरान कलाकार शिवकुमार राव ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। रात में बाबा रामदेव मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या हुई, जिसमें गायक रामदेव गुर्जर ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में रेगर, बैरवा और बलाई समाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मंदिर परिसर में महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद रेगर समाज सामुदायिक भवन में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन आज

332 खिलाड़ी ले रहे भाग, 70वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 70 टीमें शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

संस्कार भारती सी. सै. स्कूल की मेजबानी में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन आज को सुबह 11 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में होगा। कार्यक्रम विधायक गोपाल खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

आयोजक एवं स्कूल निदेशक आदर्श सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष स्नेहा मानव तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, उपाध्यक्ष कुंवर सौभाग्य सिंह एवं डॉ. दुर्गाशंकर मेहर अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

प्रतियोगिता में 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 332 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें बालकों की 46 और बालिकाओं की 24 टीमें शामिल हैं।

शरीर-आत्मा को तपाने से खुलेगा मुक्ति का मार्ग : आचार्य पुलकसागर

उत्तम तप धर्म पर अभिषेक, पूजन व भक्ति; श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन मंगलवार को शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में उत्तम तप धर्म की आराधना की गई। भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि 'जो तपता नहीं, वह पकता नहीं।' सोना तपने के बाद निखरता है, उसी प्रकार तपस्या से आत्मा निर्मल होकर परमात्मा स्वरूप बनती है। उन्होंने कहा कि तपस्या के लिए शरीर से अधिक मन की शक्ति जरूरी है। मन मजबूत हो तो तप का मार्ग सहज हो जाता है। शरीर और आत्मा दोनों को तपाने से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि पर्युषण के तहत पाप नाशनम् शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म आराधना कर रहे हैं। बुधवार को उत्तम त्याग धर्म की आराधना होगी। दशलक्षण महापर्व की दस दिवसीय आराधना 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पूर्ण होगी।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

जयकारों से गूंजा बिजौलिया, राजसी ठाठ के साथ निकली भगवान गोपाल की बेवाण यात्रा

हजारों श्रद्धालु बने साक्षी, विजयसागर तालाब में कराया जलविहार; कई मंदिरों के ठाकुरजी भी रहे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



रमेश गुर्जर। जलझूलनी एकादशी पर मंगलवार को नगर में आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। गढ़ पैलेस स्थित श्रीगोपाल मंदिर से निकली भगवान गोपाल की ऐतिहासिक बेवाण यात्रा ने पूरे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। ढोल-नगाड़ों, भजनों और भगवान के जयकारों के बीच निकली यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान के साथ विजयसागर तालाब तक पहुंचे।

बेवाण यात्रा में नगर की राजसी परंपरा भी जीवंत नजर आई। राजपरिवार के सदस्य हाथों में चांदी की छड़ियां लेकर तथा राजसी छतरी के साथ बेवाण के आगे चलते रहे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

जलझूलनी एकादशी के इस आयोजन में श्रीगोपालजी के साथ कस्बे के विभिन्न मंदिरों के ठाकुरजी भी बेवाण में शामिल हुए। सालम बिहारी मंदिर, मुरलीमनोहर मंदिर, अस्तल मंदिर और कोठे के ठाकुरजी सहित सनाढ्य ब्राह्मण समाज, माली समाज और चित्तोड़ा समाज के मंदिरों से निकले बेवाण भी यात्रा में शामिल हुए। अलग-अलग मंदिरों से निकली बेवाण के एक साथ पहुंचने से आयोजन ने सामूहिक धार्मिक उत्सव का रूप ले लिया।

नगर भ्रमण के बाद सभी बेवाण विजयसागर तालाब की पाल पर पहुंचे। यहां जलझूलनी एकादशी की परंपरा के अनुसार भगवान का जलविहार कराया गया। भगवान गोपाल को नौका में विराजमान कर तालाब में नौका विहार कराया गया। इसके बाद ठाकुरजी को झूला झुलाया गया। इस दौरान तालाब की पाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रही और पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंजता रहा।

जलविहार और झूला झुलाने की धार्मिक रस्मों के बाद भगवान की विधिवत महाआरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर भगवान के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य शोभायात्रा

एक दर्जन से अधिक विमानों के साथ ठाकुरजी का जलविहार, भजनों और झांकियों ने बांधा समां

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



जलझूलनी एकादशी पर मंगलवार को नगर में धार्मिक आस्था और लोक संस्कृति का संगम देखने को मिला। श्री चारभुजा संस्थान एवं ग्रामवासियों के आयोजन में विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी के एक दर्जन से अधिक सजे-धजे विमान गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। भगवान लक्ष्मीनाथ जी सहित विभिन्न मंदिरों के विमान प्रताप सागर तालाब पहुंचे। मार्ग में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

शोभायात्रा में बाहुबली हनुमानजी, सांवरिया सेठ, भैरूनाथजी और माताजी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भवाई नृत्य और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी लोगों का ध्यान खींचा। दोपहर में 'मंच एक, स्वर अनेक, भजनों की गंगा' कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे।

प्रताप सागर तालाब पर मंत्रोच्चार के साथ ठाकुरजी का जलाभिषेक और जलविहार कराया गया। इसके बाद महाआरती हुई। जयकारों से तालाब परिसर गूंज उठा। जलविहार के बाद विमान कस्बे के प्रमुख बाजारों में विराजित किए गए, जहां देर रात तक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते रहे। पुलिस ने थाना अधिकारी बालकिशन शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभाली।

कांवाखेड़ा में निकली ठाकुरजी की भव्य रेवाड़ी

पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन से गूंजा क्षेत्र, हरणी महादेव सरोवर में कराया जलविहार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कांवाखेड़ा में जलझूलनी एकादशी पर भगवान ठाकुरजी की भव्य रेवाड़ी निकाली गई। चारभुजा नाथ मंदिर से सजे-धजे पालकी में ठाकुरजी को विराजमान कर श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ रवाना हुए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रेवाड़ी हरणी महादेव सरोवर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ठाकुरजी को जलविहार कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान के बाद प्रसाद वितरित किया गया।





उत्तम तप धर्म पर सुपार्श्वनाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

शांतिधारा, अभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना के साथ मनाया दशलक्षण महापर्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



दशलक्षण महापर्व के तहत मंगलवार को हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में उत्तम तप धर्म श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान सुपार्श्वनाथ की शांतिधारा, अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर आत्मकल्याण की कामना की। मुख्य शांतिधारा का सौभाग्य सुधा शशांक झांझरी एवं दिलीप मेहुल लुहाड़िया परिवार को मिला।

समिति अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने बताया कि सोमवार को धूप दशमी पर भी एक हजार से अधिक श्रावकों ने मंदिर पहुंचकर धूप क्षेपण किया। शाम को झांझरी व लुहाड़िया परिवार के सौजन्य से महाआरती हुई। इसके बाद सांगानेर से आए पंडित रजनीश शास्त्री ने उत्तम तप धर्म की महिमा बताते हुए तप को आत्मशुद्धि, संयम और कर्मनिर्जरा का माध्यम बताया।



QUICK BITES

70वीं जिला स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन आज

17 व 19 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले सुबह 8 बजे से

भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में चल रही 70वीं जिला स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता (17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग) का समापन बुधवार को फाइनल मुकाबलों के साथ होगा। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

प्रधानाचार्य बंशीलाल कुम्हार ने बताया कि दोनों आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले बुधवार सुबह 8 बजे से खेले जाएंगे। 17 वर्षीय बालिका वर्ग के फाइनल में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराणा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता कलां आमने-सामने होंगे। वहीं 19 वर्षीय बालिका वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गेंदलिया का मुकाबला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बीगोद से होगा।

फाइनल मुकाबलों के बाद समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह व वन्दना माथुर मुख्य अतिथि रहेंगे । वहीं कुलदीप सिंह शक्तावत, प्रधान मांडलगढ़ जितेन्द्र मुन्दड़ा एवं विभा माथुर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही खेल प्रभारी शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा।

आकोला में जल-झूलणी ग्यारस पर निकली भव्य रामरेवाड़ी

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला





जसवंत पारीक । जल-झूलणी ग्यारस के पावन अवसर पर बुधवार को आकोला कस्बे में श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला। भगवान श्री लक्ष्मीनाथ जी सहित अन्य मंदिरों से रामरेवाड़ी के रूप में सुसज्जित कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शाम को चार बजे

डीजे की के साथ निकली रामरेवाड़ी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा सदर बाजार, छिपो का मंदिर होते हुए बनास नदी पर पंहुची जिसमें पूरे मार्ग में भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहा।

वहीं बनास नदी पर विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान को जल झूलन कराया गया ओर महा आरती की गई श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ओर प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जलझूलनी एकादशी पर नगर भ्रमण पर निकले ठाकुर जी; 17 मंदिरों से निकले डोले, खारी नदी तट पर हुआ जल विहार

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

जलझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर बुधवार को आसींद नगर में अपार श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस पवित्र अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुर जी (भगवान श्रीकृष्ण) बेवाणों (डोलों) में विराजमान होकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले।

नृसिंह जी मंदिर के पास एकत्र हुए भव्य डोले

नगर के अलग-अलग चार प्रमुख क्षेत्रों व कुल 17 मंदिरों से धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ ठाकुर जी के डोले निकाले गए। भक्ति भाव से भरे ये सभी डोले जुलूस के रूप में आगे बढ़ते हुए नृसिंह जी मंदिर के पास एक स्थान पर एकत्र हुए। इस दौरान पूरा नगर भगवान के जयकारों और भजन-कीर्तन की गूंज से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने जगह-




जगह ठाकुर जी की अगवानी कर पुष्प वर्षा की और दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

खारी नदी तट पर मंत्रोच्चार के साथ कराया जल विहार

नृसिंह जी मंदिर पर एकत्र होने के पश्चात जुलूस नगर के प्रमुख मार्ग बड़ा मंदिर चौराहे से होते हुए खारी नदी के तट पर पहुंचा। नदी तट पर आचार्यों एवं पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ठाकुर जी को खारी नदी में जल विहार कराया गया।

जल विहार के बाद महाआरती का आयोजन किया गया और उपस्थित अपार जनसमूह में महाप्रसाद का वितरण हुआ।



इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में नगर की महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

फूलनगर में बाबा रामदेवजी का भव्य बेवाण निकला

जलझूलनी एकादशी पर डीजे-ढोल की धुन पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

क्षेत्र के फूलनगर गांव में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर बैरवा समाज की ओर से बाबा रामदेवजी का भव्य बेवाण एवं झांकी निकाली गई। बाबा रामदेवजी मंदिर से शुरू हुई झांकी डीजे, ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकली। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा।

बेवाण के नगर भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने घर-घर से पुष्प, नारियल, अगरबत्ती,



माला, धूप-दीप सहित विभिन्न पूजा सामग्री अर्पित कर बाबा रामदेवजी की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भजनों पर नाचते-झूमते हुए बेवाण के साथ तालाब की पाल तक पहुंचे।

तालाब की पाल पर धार्मिक परंपरा के अनुसार बाबा रामदेवजी के बेवाण को पवित्र जल से स्नान कराया गया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर बेवाण को वापस मंदिर में ले जाकर बाबा रामदेवजी को विधिवत विराजित किया गया।

इस अवसर पर गोपाल बैरवा, बद्रीलाल बैरवा, मुकेश बैरवा, रतन बैरवा, ओमप्रकाश बैरवा, रामराज बैरवा, मूलचंद बैरवा, राकेश बैरवा, बन्नालाल, गणेश, हरजी बैरवा, टनु, दिनेश बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सरदार नगर में निकली भगवान चारभुजा नाथ की भव्य बेवाण शोभायात्रा

जलझूलनी एकादशी पर गोविंद सागर तालाब पहुंची यात्रा, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

परमेश्वर । जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सरदार नगर में मंगलवार को धार्मिक आस्था और उल्लास का माहौल रहा। भगवान चारभुजा नाथ को जलझूलनी की रस्म के लिए गोविंद सागर तालाब ले जाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भव्य बेवाण शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान चारभुजा नाथ की सजी-धजी



झांकी शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रही। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए और भगवान के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

शोभायात्रा के गोविंद सागर तालाब पहुंचने पर धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान चारभुजा नाथ की पूजा-अर्चना की गई।

जलझूलनी की रस्म के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की।

आयोजन में ग्रामीणों, मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। जलझूलनी एकादशी को लेकर सरदार नगर में दिनभर धार्मिक एवं भक्तिमय माहौल बना रहा।

शाहपुरा में जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य शोभायात्रा

बाबा रामदेव की प्रतिमा को तालाब में जल से झुलाया, शिव मंदिर में जलाभिषेक के साथ हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर मंगलवार को शाहपुरा में कोली समाज की ओर से बाबा रामदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कोली मोहल्ला स्थित बाबा रामदेव मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे और समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालु हाथों में पचरंगी ध्वज लेकर 'जय हो रामा पीर' और 'खम्मा-खम्मा हो कुँवर अजमाल रा' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। शोभायात्रा से पूर्व बाबा रामदेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। समाज के प्रत्येक घर से चूरमा-बाटी का भोग लगाकर बाबा रामदेव की ज्योत की पूजा की गई। इसके बाद बाबा रामदेव की सुसज्जित प्रतिमा के साथ शोभायात्रा नया बाजार और सदर बाजार होते हुए पिवणिया तालाब पहुंची। मार्ग में श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

तालाब में की जल पूजा

पिवणिया तालाब पहुंचने पर समाजबंधुओं ने बाबा रामदेव की प्रतिमा को जल से झुलाया। पंडित भगतराम ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती कराई। इस दौरान क्षेत्र में अच्छी वर्षा, खुशहाली और समाज के परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। कोली समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश कुमार कोली ने बताया कि जलझूलनी एकादशी पर बाबा रामदेव की जल पूजा की परंपरा समाज की ओर से प्रतिवर्ष निभाई जाती है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।



शिव मंदिर में जलाभिषेक

धार्मिक अनुष्ठान के बाद शोभायात्रा वापस कोली मोहल्ला स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर आरती की। शिवशक्ति युवा मंडल की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इससे पूर्व बाबा रामदेव मंदिर पर रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। कलाकार कैलाश कोली ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। आयोजन में नरेश कुमार कोली, नाथूलाल कोली, नाथूलाल तलाया कोली, महेश कोली, रमेश कोली, सोहनलाल कोली, कैलाश कोली, रामप्रताप कोली, नोरत कोली, मिश्रीलाल कोली, गोपाल कोली सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

रामनिवास धाम में महाप्रभु स्वामी रामचरणजी को छप्पन भोग

श्रीमद्भागवत कथा में संतों ने दिया भक्ति, सदाचार और परहित का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। रामनिवास धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान मंगलवार को रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधरामजी महाराज ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य और ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत का श्रवण मनुष्य को भक्ति, ज्ञान और सदाचार की ओर ले जाता है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास और देवर्षि नारद की ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए भागवत के जीवनोपयोगी संदेश बताए।

कथा वाचक मालपुरा के संत मस्तरामजी महाराज ने वामन अवतार और भक्त प्रहलाद के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य की बुद्धि का उपयोग परहित में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर से व्यक्ति छोटा हो सकता है, लेकिन उसकी सोच और बुद्धि बड़ी होनी चाहिए। सही



विवेक के बल पर व्यक्ति बड़े कार्य कर सकता है।

भक्त प्रहलाद के प्रसंग से उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान का स्मरण नहीं छोड़ना चाहिए। सुख और दुख दोनों में परमात्मा का स्मरण बना रहे, यही सच्ची भक्ति है।

कथा के दौरान महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम में संत नवनिधरामजी महाराज, संत मस्तरामजी महाराज, आयोजक जगदीश सोनी परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रामनिवास धाम में कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। कथा का आयोजन 24 सितंबर तक चलेगा।



‘इतनी सौगात दूंगा कि गिनते-गिनते थक जाओगे...’, तीनों नगर पालिकाओं में भाजपा बोर्ड के बाद बोले खंडेलवाल

13 वोट से अध्यक्ष, 14 से उपाध्यक्ष... अब बिजौलिया की तस्वीर बदलने का दावा; चुनावी रणनीति, चुनौतियों और विकास के एजेंडे पर विधायक ने खोले पत्ते

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

कपिल श्याम विजय ।

चुनाव खत्म हो गए, बोर्ड बन गए और अब बारी है उन वादों की, जिनकी चर्चा चुनावी मैदान से लेकर नतीजों तक होती रही। मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की तीनों नगर पालिकाओं में भाजपा का बोर्ड बनने के बाद विधायक गोपाल खंडेलवाल ने चुनावी नतीजों को जनता का बड़ा जनादेश बताया है। वहीं बिजौलिया को लेकर उन्होंने ऐसा दावा किया है, जिसने अब क्षेत्र की सियासत के साथ विकास को लेकर भी चर्चाएं तेज कर दी हैं। भीलवाड़ा फ़ोकस के प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय से खास बातचीत में विधायक खंडेलवाल ने चुनावी रणनीति से लेकर कथित धनबल, कार्यकर्ताओं की भूमिका, 13 और 14 वोट के समीकरण तथा बिजौलिया-बिगोद को मिलने वाली आगामी सौगातों पर खुलकर बात की।

तीन नगर पालिका, तीनों में भाजपा का बोर्ड-खंडेलवाल बोले, ‘यह जनता का आशीर्वाद’

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की तीन नगर पालिकाओं में भाजपा के बोर्ड बनने पर विधायक खंडेलवाल ने सबसे पहले जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीनों जगह जनता ने भाजपा को जनादेश दिया है। उनके अनुसार यह केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता का भाजपा के प्रति भरोसा है।

उन्होंने कहा कि जनता अब समझदार हो चुकी है और वह काम तथा वादों के बीच अंतर समझती है। उन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जनता के सामने सब कुछ है कि उस समय क्षेत्र में क्या काम हुए और अब क्या हो रहा है।

‘धनबल से चुनाव प्रभावित करने की कोशिश हुई, जनता ने जवाब दे दिया’

चुनाव के दौरान सामने आई चुनौतियों के सवाल पर विधायक ने कुछ लोगों पर धनबल के जरिए चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रात में पैसे बांटने की शिकायतें सामने आई और पुलिस ऐसे लोगों पर



कार्रवाई करने के लिए पीछा करती हुई दिखी।

हालांकि खंडेलवाल का कहना था कि इन सबके बावजूद जनता ने अपना फैसला सुनाया और भाजपा को तीनों नगर पालिकाओं में बोर्ड बनाने का अवसर दिया।

‘तीनों जगह सीधी टक्कर नहीं थी’-सबसे कठिन मुकाबले के सवाल पर चौंकाने वाला जवाब

जब उनसे पूछा गया कि तीनों नगर पालिकाओं में सबसे कड़ा मुकाबला कहां रहा, तो विधायक ने कहा कि उनके अनुसार तीनों जगह कोई सीधी टक्कर नहीं थी।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने धनबल के जरिए चुनाव लड़ने की कोशिश की, लेकिन बिजौलिया की जनता ने इसका जवाब दे दिया। उन्होंने भविष्य में क्षेत्र को ‘भगवामय और श्रीराममय’ होने की बात भी कही।

बिजौलिया-बिगोद को नगर पालिका बनाने की कहानी भी सुनाई

बिजौलिया और बिगोद को नगर पालिका बनाने को लेकर विधायक ने कहा कि यह क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। उनके अनुसार पिछली सरकार के समय उन्होंने विधायक रहते हुए भी इसके लिए प्रयास किए, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई।

खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उन्होंने क्षेत्र की जनता के आदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया और दोनों जगह नगर पालिका का रास्ता साफ हुआ।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र में ऐसे विकास कार्य होंगे, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की गई थी।

बिजौलिया के पर्यटन पर बड़ा फोकस, बोले- एक साल बाद तस्वीर देखना’

ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिजौलिया को लेकर विधायक ने खास तौर पर विकास की बात कही। उन्होंने नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों की पूरी टीम की ओर इशारा करते हुए कहा कि मिलकर क्षेत्र को आगे बढ़ाया जाएगा। उनका दावा है कि बिजौलिया को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।खंडेलवाल ने कहा कि एक साल बाद बिजौलिया की दशा और दिशा बदली हुई नजर आएगी। 13 से 14 वोट... आखिर क्या बदला? विधायक बोले-‘मैं आंकड़ों के फेर में नहीं पड़ता’

बिजौलिया नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को 13 वोट मिले थे। इसके बाद उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को 14 वोट मिले। एक वोट के इस अंतर को लेकर जब विधायक से सवाल किया गया तो उन्होंने साफ कहा

‘मैं 13-14 के फेर में नहीं पड़ता।’

उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य नगर पालिका में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाना था और दोनों पद भाजपा के पक्ष में आए। उन्होंने इसे जनता के आशीर्वाद का परिणाम बताया।

अब सबसे बड़ा सवाल-बिजौलिया और बिगोद को क्या मिलेगा?

नई नगर पालिकाओं में भाजपा के बोर्ड बनने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब विकास की जमीन पर क्या दिखाई देगा?

जब विधायक से पूछा गया कि आने वाले समय में बिजौलिया और बिगोद को क्या सौगात मिलने वाली है, तो उनका जवाब बेहद दिलचस्प रहा।

‘मैं इतनी सौगात दूंगा कि गिनते-गिनते थक जाओगे।’

विधायक के इस बयान ने अब क्षेत्र में नई चर्चा छेड़ दी है। देखना होगा कि आने वाले समय में ये सौगातें किन परियोजनाओं के रूप में सामने आती हैं।

‘यह अकेले की जीत नहीं, कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम’

चुनाव में भाजपा की जीत के पीछे विधायक ने कार्यकर्ताओं की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक सभी ने मिलकर चुनाव लड़ा।

उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशियों के घरों तक पहुंचकर लोगों से संवाद किया गया और पार्टी के पक्ष में एकजुट रहने की अपील की गई।

‘चुनाव का महायज्ञ था, सभी ने आहुति दी’

बातचीत के अंत में विधायक ने चुनाव में साथ देने वाले कार्यकर्ताओं और जनता का आभार जताते हुए इसे ‘महायज्ञ’ बताया।

उनका कहना था कि इस चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई और अब जनता के इस विश्वास को विकास के रूप में लौटाने का समय है।

अब गेंद विधायक के पाले में...

तीनों नगर पालिकाओं में भाजपा के बोर्ड बनने के बाद चुनावी अध्याय फिलहाल पूरा हो गया है। लेकिन असली परीक्षा अब शुरू होगी। विधायक खंडेलवाल ने बिजौलिया की तस्वीर एक साल में बदलने और इतनी विकास सौगातें देने का दावा किया है कि उन्हें गिनना मुश्किल होगा।

अब क्षेत्रवासियों की नजर इस बात पर है कि आने वाले समय में विधायक के ये बड़े दावे जमीन पर कब और किस रूप में दिखाई देते हैं।

मोहम्मद इशाक शाहपुरा नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्वाचित

21 मत लेकर जीते, राजूलाल कहार को मिले 14 वोट; 7 मतों से दर्ज की जीत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। नगर पालिका में अध्यक्ष पद के बाद अब उपाध्यक्ष पद का चुनाव भी संपन्न हो गया। मंगलवार को हुए उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन में मोहम्मद इशाक ने 21 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी राजूलाल कहार को 14 मत मिले। इस तरह इशाक ने 7 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

नगर पालिका आम चुनाव के तहत मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया। मतदान के बाद हुई मतगणना में मोहम्मद इशाक के पक्ष में 21 और राजूलाल कहार के पक्ष में 14 मत पड़े। परिणाम घोषित होते ही इशाक के समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया।



रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने मोहम्मद इशाक को उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। इसके बाद समर्थकों ने उनका स्वागत कर जीत की खुशी जताई।

गौरतलब है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस के रमेश सेन ने 18 मत प्राप्त कर निर्दलीय बालमुकुंद तोषनीवाल को एक मत से हराया था। अब उपाध्यक्ष पद पर इशाक की जीत के बाद नगर पालिका के बोर्ड की तस्वीर स्पष्ट हो गई है। दोनों चुनावों में सामने आए मतदान के आंकड़ों को लेकर शहर में राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हैं।

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष के समर्थकों ने पालिका में शहर के विकास को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद जताई है। अध्यक्ष रमेश सेन भी पूर्व में विकास कार्यों को गति देने की बात कह चुके हैं।

QUICK BITES

गंगापुर नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस की रश्मि चौहान की जीत

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि चौहान ने भाजपा प्रत्याशी रतन लाल जाट को शिकस्त देते हुए जीत हासिल की है। मतदान में रश्मि चौहान को 16 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को मात्र 9 मत ही प्राप्त हो सके।जीत के बाद नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति काकानी तथा उपाध्यक्ष रश्मि चौहान सहित सभी पार्षदों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान समर्थकों ने जयकारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया।चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी। एएसपी बुधराज टांक, डीएसपी सुदर्शन देव पालीवाल तथा थाना प्रभारी पूरणमल मीणा पूरे समय मौके पर मौजूद रहे।

भाजपा की प्रिया मीणा जहाजपुर नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्वाचित

प्रिया मीणा को 22, कांग्रेस के मुजम्मिल शेर को मिले 3 वोट

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में भाजपा पार्षद प्रिया मीणा ने जीत दर्ज की। भाजपा की प्रिया मीणा को 22 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मुजम्मिल शेर को 3 मत प्राप्त हुए। इस तरह प्रिया मीणा नगर पालिका की उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई।

नगर पालिका चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद अल्केश वैष्णव को अध्यक्ष चुना गया था। अब उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा प्रत्याशी की जीत के साथ जहाजपुर नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड गठित हो गया है।

निर्वाचन परिणाम के बाद भाजपा पार्षदों और समर्थकों ने खुशी जताई तथा नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष प्रिया मीणा का स्वागत किया।

10-10 मतों की बराबरी के बाद लॉटरी से फैसला, कैलाश माली उपाध्यक्ष निर्वाचित

बनेड़ा नगर पालिका में भाजपा के कैलाश माली के नाम निकली पर्ची, नन्हे बच्चे ने निकाली लॉटरी

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



परमेश्वर । नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के चुनाव में मंगलवार को रोमांचक स्थिति बन गई। भाजपा प्रत्याशी कैलाश माली और कांग्रेस प्रत्याशी प्रभु माली के बीच हुए मुकाबले में दोनों को 10-10 मत मिले। मत बराबर होने के बाद उपाध्यक्ष पद का फैसला लॉटरी के माध्यम से किया गया।

लॉटरी की प्रक्रिया में एक नन्हे बच्चे से पर्ची निकलवाई गई। पर्ची खोले जाने पर उसमें भाजपा प्रत्याशी कैलाश माली का नाम सामने आया। इसके बाद कैलाश माली को बनेड़ा नगर पालिका का उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

10-10 मतों पर अटका फैसला

मतदान के बाद हुई मतगणना में भाजपा के कैलाश माली को 10 और कांग्रेस के प्रभु माली को भी 10 मत प्राप्त हुए। दोनों प्रत्याशियों के मत बराबर होने से परिणाम मतदान के आधार पर तय नहीं हो सका और नियमानुसार लॉटरी के जरिए निर्णय किया गया।

नन्हे बच्चे ने निकाली पर्ची

लॉटरी के दौरान नन्हे बच्चे से पर्ची निकलवाई गई। बच्चे द्वारा निकाली गई पर्ची में कैलाश माली का नाम आने के साथ ही भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष कैलाश माली को बधाई दी।

बामणिया में वीर तेजाजी महाराज का विशाल मेला आज

पांच दिवसीय आयोजन में जागरण, बिंदौरी, चारभुजा नाथ जुलूस व मारवाड़ी खेल होंगे

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



परमेश्वर । तहसील क्षेत्र के बामणिया गांव में श्री वीर तेजाजी महाराज का पांच दिवसीय मेला धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 20 सितंबर को भव्य जागरण से हुई।

तेजा दशमी पर 21 सितंबर को श्री तेजाजी महाराज की बिंदौरी निकाली गई। वहीं 22 सितंबर को जलझूलनी एकादशी पर शाम 4 बजे श्री चारभुजा नाथ का जुलूस निकलेगा, जिसके बाद रात 8 बजे मारवाड़ी खेल आयोजित होंगे।

मुख्य विशाल मेला 23 सितंबर को आयोजित होगा। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। रात 8 बजे मारवाड़ी खेल होंगे। 24 सितंबर को भी रात 8 बजे मारवाड़ी खेलों के साथ पांच दिवसीय आयोजन का समापन होगा।

आयोजन नेहरू युवा संस्थान बामणिया के सौजन्य एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।